पूजा अर्चना से शुरुआत कर नए कलेक्टर ने संभाली शिवपुरी की कमान

सख्त तेवर में दिए साफ संकेत

नवभारत न्यूज

शिवपुरी, 13 अप्रैल। जिले को आज एक नए प्रशासनिक नेतृत्व की दिशा मिली, जब नवागत कलेक्टर अर्पित वर्मा ने विधिवत पूजा-अर्चना के साथ अपने कार्यकाल की शुरुआत की। उन्होंने सिद्धेश्वर मंदिर एवं राजेश्वरी मंदिर में दर्शन कर जिले की समृद्धि और जनकल्याण की कामना की, जिसके बाद कलेक्ट्रेट पहुंचकर पदभार ग्रहण किया।

पदभार संभालते ही कलेक्टर वर्मा एक्शन मोड में नजर आए। उन्होंने पहली ही टीएल बैठक में अधिकारियों से सीधा संवाद स्थापित किया और स्पष्ट शब्दों में कहा कि शासन की योजनाओं में लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी विभागों को समयबद्ध, पारदर्शी और परिणामोन्मुखी कार्यशैली अपनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर वर्मा ने कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने अधिकारियों को फील्ड में सक्रिय रहकर वास्तविक स्थिति समझने और समाधान आधारित कार्य करने पर जोर दिया।

डॉ. अम्बेडकर जयंती के उपलक्ष में हितग्राही सम्मेलन आज

शिवपुरी, 13 अप्रैल। भारत रत्न, संविधान निर्माता डॉ.भीमराव अम्बेडकर जयंती के उपलक्ष में 10 अप्रैल से 14 अप्रैल तक विभिन्न कार्यक्रम के आयोजन के निर्देश दिए गए थे,

जिसके तहत विकासखंड स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। अब 14 अप्रैल को जिला स्तरीय हितग्राही सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम 14 अप्रैल को दोपहर 12 बजे से मानस भवन शिवपुरी में आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर द्वारा जिला स्तर पर कार्यक्रम हेतु जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विजय राज को नोडल अधिकारी तथा डिप्टी कलेक्टर अजय शर्मा को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

एएसओ पद पर चयनित शिवानी राठौर का सम्मान, समाज का बढ़ाया मान

शिवपुरी, 13 अप्रैल। राठौर समाज को गौरवान्वित करने वाली प्रतिभाशाली बिटिया कु. शिवानी राठौर का विदेश मंत्रालय में सहायक अनुभाग अधिकारी (एएसओ) पद पर चयन होने पर उनका भव्य सम्मान किया गया। सांसद प्रतिनिधि हरिओम राठौर एवं उनकी मित्र मंडली द्वारा शिवानी राठौर को उनके परिवार सहित सम्मानित कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। शिवानी राठौर, जो कि शिक्षक राजाराम राठौर की पुत्री हैं, ने अपनी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया है। उनके इस चयन से पूरे क्षेत्र और समाज में खुशी की लहर है। इस अवसर पर हरिओम राठौर ने कहा, शिवानी राठौर ने अपने परिश्रम और समर्पण से यह सिद्ध कर दिया है कि बेटियां किसी से कम नहीं होतीं। यह उपलब्धि अन्य युवाओं, विशेषकर बेटियों के लिए प्रेरणा बनेगी। कार्यक्रम में प्रदीप राठौर (आईटी सेल प्रभारी भाजपा नगर मंडल), अनिल राठौर, रवि राठौर, रामकुमार राठौर, राजेंद्र राठौर, संजय राठौर, श्यामलाल शाक्य (पार्षद), प्रदीप दीक्षित सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। सभी ने शिवानी राठौर को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

शिक्षकों ने विधायक को ज्ञापन सौंपा

टीईटी का विरोध और नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता की रखी मांग

नवभारत न्यूज

बदरवास, 13 अप्रैल। अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा बदरवास द्वारा टीईटी परीक्षा की अनिवार्यता का विरोध और नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता की मांग को लेकर कोलारस बदरवास विधायक महेंद्र सिंह यादव को गत दिवस ज्ञापन सौंपा गया और उनसे मांग रखी कि माननीय मुख्यमंत्री जी से मिलकर आप हमारी बात और मांगों को प्रमुखता से रखें।

विधायक महेंद्र सिंह यादव को उनके ख़तोरा निवास पर बड़ी संख्या में एकत्रित शिक्षकों ने सौंपे ज्ञापन में बताया गया कि सरकार टीईटी परीक्षा आदेश को रद्द करे और माननीय उच्चतम न्यायालय में पुनर्विचार याचिका शीघ्र ही शासन द्वारा लगाई जाए।

साथ ही नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता की मांग को पुरजोर तरीके से उठाते हुए बताया कि नवीन शिक्षक संवर्ग की नियुक्ति वर्ष 2018 से मानी गई है जिससे पेंशन, ग्रेच्युटी वरिष्ठता का नुकसान हो रहा है। 15 से 20 वर्ष की सेवा शून्य कर दी गई है इसलिए नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता नवीन शिक्षक संवर्ग को दी जाए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

गणेश कुंड पर सट्टे की दुकान बंद, एक सटोरिया पकड़ा

नवभारत न्यूज

शिवपुरी, 13 अप्रैल। फिजीकल थाना पुलिस ने सट्टा खिलाने वाले एक आरोपी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई सोमवार को मुखबिर की सूचना पर गणेश कुंड क्षेत्र में की गई।

पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देश पर जिले में जुआ, सट्टा, अवैध शराब, मादक पदार्थ और अन्य अपराधों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत यह सफलता मिली। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं सीएसपी के मार्गदर्शन में टीम ने मौके पर दबिश दी। दबिश के दौरान आरोपी राजकुमार जाटव उम्र 31 वर्ष निवासी करोदी कॉलोनी को पकड़ा गया, जो आम लोगों को 1 रुपये के बदले 90 रुपये देने का लालच देकर सट्टा पर्ची काट रहा था। पुलिस ने उसके कब्जे से सट्टा पर्ची और 485 रुपये नकद जब्त किए।

आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 84/2026 के तहत धारा 4क सट्टा एक्ट में मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक नम्रता भदौरिया, प्रधान आरक्षक सुभाष यादव, आरक्षक नरेन्द्र राठौर एवं धर्मेन्द्र की विशेष भूमिका रही।

आरओबी निर्माण के चलते मार्ग रहेगा बंद

वैकल्पिक मार्ग निर्धारित

नवभारत न्यूज

शिवपुरी, 13 अप्रैल। शहर में यातायात व्यवस्था को प्रभावित करने वाले एक महत्वपूर्ण निर्णय के तहत पोहरी फाटक रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी) पर आर.ई. वॉल (रिइनफोर्स्ड अर्थ वॉल) एवं सर्विस रोड निर्माण कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। इस निर्माण कार्य के चलते पोहरी बस स्टैंड के पहले गेट से लेकर ब्रिज तक का मार्ग 15-04-2026 से आगामी एक माह तक के लिए अस्थायी रूप से बंद रहेगा।

यातायात प्रभारी रणवीर सिंह यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि निर्माण कार्य को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने एवं आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि पोहरी की ओर जाने वाले सभी वाहन मनियर अंडरपास होकर अपने गंतव्य तक पहुंचेंगे। वहीं शिवपुरी शहर में प्रवेश करने वाले वाहन रेलवे फाटक से होते हुए कमला हेरिटेज होटल मार्ग का उपयोग करेंगे। इसके अतिरिक्त पोहरी बस स्टैंड से पोहरी की ओर जाने वाले दो पहिया वाहन चालकों के लिए मार्ग पूर्ववत चालू रहेगा, जिससे स्थानीय आवागमन प्रभावित न हो। यातायात प्रभारी ने सभी वाहन चालकों से अपील की है कि वे निर्धारित डायवर्जन मार्गों का पालन करें एवं निर्माण कार्य में सहयोग प्रदान करें, ताकि कार्य निर्धारित समयावधि में सुचारू रूप से पूर्ण किया जा सके।

कृष्णा गुप्ता बने जिला सचिव

शिवपुरी, 13 अप्रैल। राष्ट्रीय मानव अधिकार सेवा संगठन में जिला स्तर पर नई नियुक्ति की गई है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एम.एल. शर्मा द्वारा प्रदेश अध्यक्ष सी.पी. जोशी की अनुशंसा एवं जिला अध्यक्ष चन्द्रेश धाकड़ के अनुरोध पर कृष्णा गुप्ता (लैब टेक्नीशियन) को जिला शिवपुरी का सचिव नियुक्त किया गया है।

नवनियुक्त सचिव को संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने निर्देशित किया कि वे जनहित में नियमानुसार लगन, मेहनत और ईमानदारी के साथ कार्य करते हुए संगठन को मजबूत बनाएंगे। साथ ही उन्हें शुभकामनाएं दी गईं।

प्रदेश अध्यक्ष सी.पी. जोशी ने बताया कि कृष्णा गुप्ता युवा, व्यवहार कुशल एवं कर्तव्यनिष्ठ व्यक्ति हैं, जो पूरी लगन और मेहनत से दायित्वों का निर्वहन करेंगे। वहीं जिला अध्यक्ष चन्द्रेश धाकड़ ने विश्वास जताया कि वे संगठन के हित में कार्य करते हुए उसकी गरिमा बनाए रखेंगे। इस अवसर पर प्रदेश प्रमुख सचिव हरि बल्लभ भार्गव (उज्जैन), संभागीय अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल (भोपाल), उमेश श्रीवास्तव (रीवा), प्रदीप कुमार काबरा (इंदौर), धर्मेंद्र जोशी (ग्वालियर), जिला अध्यक्ष श्रवण कुमार सोनार (भोपाल), ब्रह्मविद्या नामदेव (सागर), पंकज सहित परिजनों, मित्रों एवं सहकर्मियों ने शुभकामनाएं दीं।

चौकाखेड़ा में दबंगों का कहर, रास्ता रोककर परिवार पर हमला

घायलों ने एसपी से मांगी सुरक्षा

नवभारत न्यूज

शिवपुरी, 13 अप्रैल। बामौरकला थाना क्षेत्र के चौकाखेड़ा गांव में रविवार रात दबंगों द्वारा एक परिवार पर हमला करने का सनसनीखेज मामला सामने रास्ता रोककर की गई इस वारदात में एक महिला सहित चार लोग घायल हुए हैं, जिनमें एक की हालत गंभीर बताई जा रही है।

पीड़ित रामराज सिंह यादव के मुताबिक, वह रात करीब 8.30 बजे बामौरकला से अपने गांव लौट रहे थे। गांव में कल्याण यादव के घर के सामने पहुंचते ही कुछ लोगों ने उन्हें घेर लिया। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए डंडों से हमला कर दिया।

शोर सुनकर बचाने पहुंचे उनके परिजन अनिल यादव, अनुज यादव और चाची गीता बाई भी हमलावरों के निशाने पर आ गए। चारों के साथ जमकर मारपीट की गई। घटना में गीता बाई गंभीर रूप से घायल हो गईं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पीड़ित परिवार का आरोप है कि घटना के बाद जब वे बामौरकला थाने पहुंचे, तो उनकी शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया गया और न ही उचित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। इससे नाराज पीड़ितों ने शिवपुरी पहुंचकर पुलिस अधीक्षक से मुलाकात की और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

वहीं, थाना प्रभारी संजय लोधी का कहना है कि मामले में तीन आरोपी कल्याण यादव, जितेंद्र यादव और राजू यादव के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। पुलिस का कहना है कि पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता अनंत सिंह के पिता का निधन

शिवपुरी, 13 अप्रैल। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से लंबे समय से जुड़े वरिष्ठ कार्यकर्ता परमाल सिंह जाट का आकस्मिक निधन हो गया। वे 69 वर्ष के थे। उनके निधन की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। स्वर्गीय परमाल सिंह जाट, रामेश्वर सिंह जाट, अनंत सिंह जाट पत्रकार, भरत सिंह जाट के पूज्य पिताजी थे।

उनका निधन 13 अप्रैल की सुबह अचानक हुआ। उनकी अंतिम यात्रा सोमवार सुबह 10 बजे उनके निवास से निकली, जो भड़ौता रोड स्थित मुक्तिधाम पहुंची, जहां विधि-विधान से उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके अस्थि संचय 14 अप्रैल को सुबह 8 बजे भड़ौता रोड स्थित मुक्तिधाम पर किया जाएगा। स्व. परमाल सिंह जाट के निधन पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने शोक व्यक्त किया।

बाल भवन में हुआ जिला स्तरीय 'नारी शक्ति वंदन' कार्यक्रम

ग्वालियर 13 अप्रैल। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को देश की राजधानी नयी दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित हुए 'नारी शक्ति वंदन' कार्यक्रम को संबोधित किया। ग्वालियर में बाल भवन में जिला स्तरीय नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में सीधे प्रसारण के जरिए जिले की महिलाओं ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का उदबोधन सुना। कार्यक्रम में कलेक्टर रुचिका चौहान सहित जिले की महिला उद्यमी, महिला अधिवक्ता, बाल कल्याण समिति के सदस्य व महिला प्रशासनिक अधिकारी एवं महिला समाजसेवियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

सकारात्मक सोच के साथ सफलता के पथ पर आगे बढ़ें महिलायें: कलेक्टर

कलेक्टर रुचिका चौहान ने जिला स्तरीय कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं का आह्वान किया कि वे सकारात्मक सोच के साथ सफलता के पथ पर आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनायें आपको आगे बढ़ने में पूरी मदद करेंगीं। कलेक्टर ने यह भी आह्वान किया कि आप सब अपने-अपने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से मिलकर नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर सार्थक संवाद करें। साथ ही अपने क्षेत्र की समस्याओं को खुलकर बताएं। उन्होंने इस अवसर पर जानकारी दी कि वर्तमान में नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिसके तहत महिला सशक्तिकरण पर केन्द्रित विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित हो रही हैं। आप सब भी इसमें सहभागी बनें। कार्यक्रम में नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय, अपर आयुक्त नगर निगम मुनीष सिकरवार एवं सहायक संचालक महिला बाल विकास राहुल पाठक सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी शामिल हुए।

प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर नारी शक्ति वंदन अधिनियम का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत 21वीं सदी के सबसे बड़े निर्णयों में से एक ऐसा निर्णय लेने जा रहा है, जो नारी शक्ति को समर्पित है। प्रधानमंत्री ने इस क्षण को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि देश की संसद एक नया इतिहास रचने के निकट है जो अतीत के विजन और भविष्य के संकल्पों को पूरा करेगा। सामाजिक न्याय के महत्व पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि देश एक समतावादी भारत की कल्पना करता है जहां सामाजिक न्याय केवल एक नारा नहीं बल्कि कार्य संस्कृति का अभिन्न अंग है। प्रधानमंत्री ने कहा, 'राज्य विधानसभाओं से लेकर देश की संसद तक, दशकों की प्रतीक्षा अब समाप्त होने वाली है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने वर्ष 2023 में नए संसद भवन में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित होने का स्मरण करते हुए कहा कि इसे सर्वसम्मति से पारित किया गया था और सभी दलों ने इस बात पर सहमति जताई थी कि इसे हर हाल में 2029 तक क्रियान्वित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि संसद के बजट सत्र का विशेष सत्र 16 अप्रैल से आरंभ होगा। प्रधानमंत्री ने जोर देते हुए कहा कि स्थानीय निकायों और संस्थानों में वर्षों से कार्यरत लाखों महिलाओं के पास व्यापक अनुभव है और वे बड़ी भूमिकाओं के लिए तैयार और उत्सुक हैं। नारी शक्ति वंदन अधिनियम का कार्यान्वयन इन सभी महिलाओं के जीवन में एक बड़ा अवसर साबित होगा। प्रधानमंत्री ने कहा, 'पंचायत से संसद तक की यात्रा सुगम होने वाली है।

प्रधानमंत्री मोदी ने इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम से लेकर संविधान सभा तक महिलाओं के योगदान का उल्लेख करते हुए स्वतंत्र भारत की नींव रखने में नारी शक्ति की असीम भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा प्रतिनिधित्व के अवसर प्राप्त करने वाली महिलाओं ने राष्ट्र के लिए उत्कृष्ट कार्य किया है। उन्होंने कहा कि आज हमारे देश में राष्ट्रपति से लेकर वित्त मंत्री तक, महिलाएं इतने महत्वपूर्ण पदों पर आसीन हैं। मोदी ने कहा, 'राष्ट्रपति से लेकर प्रधानमंत्री तक, जहां भी महिलाएं रही हैं, उन्होंने अपनी एक अलग पहचान बनाई है।

गेहूं उपार्जन केन्द्रों का एसडीएम स्वयं करें निरीक्षण : कलेक्टर

ग्वालियर 13 अप्रैल। समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिये जिले में स्थापित किए गए सभी 37 खरीदी केन्द्रों का संबंधित एसडीएम स्वयं निरीक्षण करें। प्रत्येक खरीदी केन्द्र पर किसानों के लिये पेयजल, छाया व पेयजल की पुख्ता व्यवस्था करें। साथ ही छाछ, शरबत व ओआरएस का इंतजाम भी कराएं।

प्रत्येक केन्द्र पर प्राथमिक चिकित्सा किट की व्यवस्था भी रहे। यह निर्देश कलेक्टर रुचिका चौहान ने अंतरविभागीय समन्वय बैठक में गेहूँ उपार्जन व्यवस्था की समीक्षा के दौरान दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक केन्द्र पर ऐसी व्यवस्था बनाएं, जिससे किसानों को अपना गेहूँ बेचने में कोई कठिनाई नहीं आए। अंतरविभागीय समन्वय बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान, ई-विकास प्रणाली, शिक्षा मित्र योजना, प्राकृतिक खेती, पराली व नरवाई प्रबंधन, सीएम हैल्पलाइन, पशुपालन विभाग की क्षीर धारा ग्राम योजना एवं राज्य शासन की अन्य प्राथमिकता वाली योजनाओं की भी समीक्षा की गई।

सोमवार को कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित हुई बैठक में अपर कलेक्टर कुमार सत्यम, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सोजान सिंह रावत व अपर जिला दण्डाधिकारी सी बी प्रसाद, जिले के एसडीएम एवं विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

श्रमदान कर की पार्वती नदी घाट की साफ-सफाई

ग्वालियर, 13 अप्रैल। ग्वालियर जिले में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जनभागीदारी से जल संरक्षण व संवर्धन के कार्य कराए जा रहे हैं। जिले के विकासखण्ड भितरवार के विभिन्न ग्रामों में जन अभियान परिषद द्वारा अभियान के प्रति व्यापक जनजागरूकता के साथ कार्य कराए जा रहे हैं।

इसी क्रम में सोमवार को जन अभियान परिषद श्री नवांकुर संस्थाओं एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के सहयोग से पार्वती नदी के घाट पर श्रमदान कर व्यापक साफ-सफाई अभियान चलाया गया। साथ ही प्रस्फुटन समिति सांखनी एवं आदमपुर के ग्रामीणों द्वारा भी उत्साहपूर्वक श्रमदान कर जल संरक्षण के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाई गई। जन अभियान परिषद द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत दीवार लेखन, नदी एवं घाटों की साफ-सफाई, तालाब एवं पोखरों का गहरीकरण व जीर्णोद्धार, जल संवाद चौपाल, जल मंदिर (प्याऊ) स्थापना, पक्षियों के लिए सकोरे रखना, भूमि सुपोषण तथा जल संरचनाओं के निर्माण हेतु श्रमदान जैसे महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं।

विकासखण्ड समन्वयक अधिकारी भितरवार मनोज दुबे ने बताया कि अभियान के माध्यम से ग्रामीणों में जल के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ रही है और लोग स्वयं आगे आकर जल स्त्रोतों के संरक्षण में योगदान दे रहे हैं।

किले पर दफीनाखोरों की नजर, अब मंदिर को बनाया निशाना : प्रशासन पर उठे सवाल

नवभारत न्यूज

नरवर, 13 अप्रैल। ऐतिहासिक नरवर किले में दफीनाखोरों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। अब इन असामाजिक तत्वों ने किले में स्थित प्राचीन मां पसर देवी मंदिर को भी अपना निशाना बना लिया है। पुरानी किंवदंतियों के अनुसार, यह माना जाता है कि राजा नल के खजाने के ऊपर देवी प्रतिमा विराजमान है, जिसके लालच में दफीनाखोर लगातार अवैध खुदाई कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, पहले किले के महलों और अन्य हिस्सों में कई बड़े-बड़े गड्ढे खोदे जा चुके हैं, लेकिन इस बार तो हद ही पार कर दी गई। बीते कुछ दिनों से दफीनाखोरों द्वारा मंदिर के पीछे रात के अंधेरे में एक सुरंग बनाई जा रही थी, ताकि खजाने तक पहुंचा जा सके।

घटना का खुलासा तब हुआ जब कुछ श्रद्धालु मंदिर दर्शन के लिए पहुंचे। मंदिर के पीछे जाने पर उन्हें संदिग्ध गतिविधियां नजर आईं। जब एक व्यक्ति सुरंग के अंदर गया, तो वहां खुदाई में उपयोग होने वाला सामान मिला। इसके बाद तुरंत नरवर थाना पुलिस को सूचना दी गई।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सुरंग निर्माण में इस्तेमाल हो रही सामग्री को जब्त कर लिया। साथ ही, सुरंग को पत्थरों से बंद करा दिया गया। इस घटना के बाद पुरातत्व विभाग और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो भविष्य में कोई बड़ी अप्रिय घटना हो सकती है।

स्थानीय लोगों की मांग

क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि किले और मंदिर परिसर में सुरक्षा बढ़ाई जाए तथा दफीनाखोरों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि इस ऐतिहासिक धरोहर को सुरक्षित रखा जा सके।

परशुराम शोभायात्रा की तैयारियां में जुटा ब्राह्मण समाज

घर-घर कर रहे संपर्क, 23 को निकलेगा भव्य चल समारोह

नवभारत न्यूज

बदरवास, 13 अप्रैल। भगवान श्री परशुराम जी के जन्मोत्सव को लेकर बदरवास में 23 अप्रैल को निकलने वाली भव्य शोभायात्रा के लिए ब्राह्मण समाज द्वारा जोर-शोर से तैयारियां की जा रही हैं। आयोजन को भव्य स्वरूप देने के उद्देश्य से विप्र समाज की टोलियां नगर तथा क्षेत्र में समाज के घर-घर जाकर लोगों से संपर्क कर रही हैं और अधिकाधिक सहभागिता हेतु प्रेरित किया जा रहा है। शोभायात्रा चल समारोह को आकर्षक एवं भव्य बनाने के लिए तैयारियां व्यापक स्तर पर की जा रही हैं।

23 अप्रैल को प्रात: 8 बजे निकलने वाली भगवान परशुराम जी की शोभायात्रा राधारानी मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई बीटी पब्लिक स्कूल पर इसका समापन होगा जहां मेधावी विद्यार्थियों सहित अन्य लोगों का सम्मान कार्यक्रम भी होगा।

ब्राह्मण समाज के लोग अपनी अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए इस शोभायात्रा को भव्य बनाने के लिए उत्साह के साथ गृह संपर्क अभियान सहित अन्य तैयारियों में जुटे हुए हैं।

In The Court Of Ist Additional District Judge, Begumganj, District Court, Raisen

Presiding Officer: श्रीमती सविता ओगले
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेत)
(RCSA/0000058/2024)

श्रीमती रजनी श्रीवास्तव ...वादी
Vs
अशोक श्रीवास्तव ...प्रतिवादी

Process Id-/2026
पेशी दिनांक:- 18/04/2026

प्रेषिती-
(1) बाबूलाल पिता रामप्रसाद श्रीवास्तव पता- निवासी मार्फत अभिषेक श्रीवास्तव अंजली धाम कालोनी सेकडाखेडी सीहोर जिला सीहोर म.प्र.
(2) श्रीमती रंजना अवस्थी पिता बाबूलाल श्रीवास्तव पत्नि सूर्यकांत पता-निवासी राजाभोज फेज गांधी नगर भोपाल म.प्र.
(3) रश्मि श्रीवास्तव पिता बाबूलाल पता- निवासी 402 समाधिया शिवम काम्पलेक्स ग्वालियर म.प्र

यह कि प्रार्थी श्रीमती रजनी श्रीवास्तव ने आपके विरूद्ध वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके. आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें.

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा. साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें.

यह आज तारीख 10 अप्रैल 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है.

न्यायाधीश
श्रीमती सविता ओगले
प्रथम जिला न्यायाधीश
बेगमगंज, जिला रायसेन

सील

यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा.